## एक नजर में

### शिव मंदिर में खाटूश्याम की प्राण प्रतिष्ठा




**उज्जैन।** विवेकानंद कॉलोनी स्थित श्री विवेकेश्वर महादेव में मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। यह कार्यक्रम 4 और 5 अगस्त को आयोजित किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में भजन कीर्तन के साथ प्रसादी का वितरण भी किया गया। श्री विवेकेश्वर महादेव मंदिर में श्री लक्ष्मीनारायण भगवान गणेश और खाटूश्यामजी की प्राण प्रतिष्ठा की गई। लक्ष्मीनारायण की मूर्ति प्रकाश डोडिया और खाटू श्याम जी की मूर्ति विवेकानंद में रहने वाले रघुवंशी परिवार की ओर से स्व. श्रीकांत पुराणिक की स्मृति में पत्नी सुषमा पुराणिक से स्थापित कराई। जिसमें मंदिर के पुजारी प्रकाश पाठक और योगेश पाठक ने धार्मिक अनुष्ठान करवाया। इस संपूर्ण धार्मिक आयोजन में मंदिर समिति के प्रमोद राय, संजय जौहरी और विशेष रूप से पार्षद दुर्गा शक्तिसिंह चौधरी का रहा। प्रथम दिवस 4 अगस्त को भगवान की प्रतिमाओं को धान में रखा गया और अगले दिन 5 अगस्त को विधिविधान से पूजन अनुष्ठान के उपरांत उन्हें धान में से निकालकर प्रतिष्ठित किया गया। इस दौरान अनेक धार्मिक गतिविधियां की गई उसके उपरांत उन्हें पर्दे में रखा गया और हवन के उपरांत उन्हें पर्दे में से निकालकर अंधेरा कर प्रथम भगवान को शीशा दिखा गया। ऐसे माना जाता है कि अगर वह शीशा टूट जाता है तो प्राण प्रतिष्ठा सफल मानी जाती है और खाटूश्याम की प्रतिमा को दिखाया गया शीशा तड़क गया था। इसके उपरांत भगवान लक्ष्मीनारायण, श्रीगणेश और खाटूश्याम जी की आरती की गई। आरती के पश्चात सभी भक्तों में प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी सहित आसपास से सैकड़ों श्रद्धालुओं इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हुए। उक्त जानकारी पंडित प्रकाश पाठक ने दी।

### टूर्नामेंट के दूसरे दिन हुए दो रोमांचक मुकाबले

**उज्जैन।** जिला फुटबॉल संघ द्वारा महेन्द्र चतुर्वेदीजी की स्मृति में आयोजित जिला फुटबॉल संघ के टूर्नामेंट के दूसरे दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला महानंदा फुटबॉल क्लब और ऋषि स्पोर्ट्स के बीच खेला गया। खेल की शुरुआत में ही रोहित मालवीय ने मात्र 2 मिनट के भीतर शानदार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद पूरा मैच कड़ा संघर्षपूर्ण रहा। दोनों टीमों ने जबरदस्त खेल भावना का परिचय दिया। अंततः मुकाबला 4-3 के स्कोर पर समाप्त हुआ, जिसमें महानंदा क्लब ने रोमांचक जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला सोहनदास क्लब और कप्तान इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें महानंदा इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-1 से जीत दर्ज की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ध्रुपद संगीत के महानायक पं. उमाकांत गुंदेचा, उज्जैन कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता भारती, डेविडजी, नरेंद्र कुशवाह, विनीत डेनियल, अभिषेक कुशवाह, डीएफए अध्यक्ष देवव्रत यादव, एमपीएफए उपाध्यक्ष विजय प्रकाश ऊसारीया मौजूद रहे। पं. उमाकांत गुंदेचा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृतिक प्रगति के साथ-साथ शरीर और मस्तिष्क का विकास भी आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किया। पूरा टूर्नामेंट सौहार्दपूर्ण और प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हो रहा है। उज्जैन शहर में फुटबॉल के प्रति रुचि निरंतर बढ़ रही है और इस टूर्नामेंट के माध्यम से कई नए प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आ रहे हैं। आज टूर्नामेंट के अंतर्गत तीन मुकाबले खेले जाएंगे।

### एमआईटी के छात्रों ने प्राप्त की नियुक्ति




**उज्जैन।** एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटस, उज्जैन के बीटेक कंप्यूटर साइंस के छात्र चेन सिंह डांगी एवं उदित शर्मा ने कियोसिस्ट प्राइवेट लिमिटेड में फ्रंट डेस्क एजेंट के पद पर सफलतापूर्वक चयनित होकर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। कियोसिस्ट प्राइवेट लिमिटेड एक प्रतिष्ठित संस्था है जो भारत से संचालित होते हुए अमेरिका स्थित होटल्स को उच्चस्तरीय वर्चुअल फ्रंट डेस्क सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी अत्याधुनिक तकनीक, चौबीसों घंटे गेस्ट सपोर्ट एवं बहुभाषी क्षमताओं के माध्यम से हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दे रही है। इस अवसर पर डॉ. मुकेश शुक्ला, निदेशक, एमआईटी ग्रुप ने कहा हमारे छात्रों का यह चयन उनकी मेहनत एवं संस्थान के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। कियोसिस्ट जैसी ग्लोबल कंपनी में चयन से उनके करियर को नई दिशा मिलेगी। वाइस चेयरमैन श्री आकाश वशिष्ठ ने कहा एमआईटी ग्रुप का लक्ष्य छात्रों को उद्योग-प्रासंगिक प्रशिक्षण देकर वैश्विक अवसर उपलब्ध कराना है। यह उपलब्धि हमारी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अनुराग भदानिया, डिप्टी डायरेक्टर, टीपीओ, एमआईटी ग्रुप ने बताया, हमारे प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की टीम लगातार छात्रों को उद्योग की मांग के अनुरूप तैयार करने में जुटी है। चेन सिंह एवं उदित का चयन हमारी इस मेहनत का सुखद परिणाम है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में संस्थान के प्लेसमेंट प्रदर्शन ने नए मानदंड स्थापित किए हैं। 250 से अधिक प्रमुख कंपनियों ने एमआईटी ग्रुप में भर्ती प्रक्रिया पूरी की है। इस वर्ष छात्रों को प्राप्त औसत पैकेज 6 लाख वार्षिक रहा, जबकि सर्वोच्च पैकेज 27 लाख वार्षिक दर्ज किया गया। एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, उज्जैन छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा उद्योग-शिक्षा सहयोग को बढ़ावा देकर रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करता है।



### अधिकारियों ने जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** भुजरिया पर्व एवं गोगा नवमी को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा सम्पूर्ण जुलूस मार्ग पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी जिसको ध्यान में रखते हुए बुधवार को अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जुलूस मार्ग का पैदल भ्रमण करते हुए वाल्मीकि धाम तक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि भूजरिया पर्व 10 अगस्त को एवं गोगा नवमी जुलूस 16 अगस्त को निकलेगा उक्त दोनों पर्वों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के संबंधित विभाग जुलूस मार्ग पर पूर्व से व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लेवे। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया कि शिल्पज्ञ विभाग द्वारा जुलूस मार्ग पर पेंच वर्क का कार्य पूर्ण करें इसके लिए संबंधित झोन के उपयंत्री के साथ संपूर्ण जुलूस मार्ग का निरीक्षण करते हुए पेंच वर्क को चिन्हित करें, पीएचई विभाग उक्त मार्ग पर जुलूस के दौरान पानी के टैंकर एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे, राघवेंद्र सिंह पालिया, प्रवीण मुकाती, सहायक यंत्री राजकुमार राठौर, दीपक शर्मा, डीएस परिहार, स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, कालूराम सोलंकी एवं संबंधित उपयंत्री उपस्थित रहे।

### छड़ी पूजन कर मनाया सामाजिक समसरता पर्व

**उज्जैन।** श्री गोगादेवजी महाराज का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, त्याग और बलिदान का उत्कृष्ट उदाहरण है। वे अलौकिक लोकदेवता हैं जिन्होने अपने पराक्रम से सनातन धर्म की कीर्ति को चारों दिशाओं में फैलाया। उन्होंने अपने दिव्य आचरण से भारतीय समाज के हर वर्ग को धर्म के मार्ग पर प्रवृत्त किया। यह बात शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने सामाजिक समरसता पर्व के अवसर पर कही। नयापुरा में आयोजित छड़ी पूजन के इस सामाजिक समरता पर्व में छड़ी वाले भगत महेंद्र हाड़ा, जय खत्री, नीरज टांकले, किशन टाकले, लोकेश शुक्ला, कृष्णकांत शर्मा, दिनेशभट्ट, शेखर जैन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के सभी समाजजनों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की।

# मेरी जान तिरंगा है, घर, दफ्तर और सरकारी कार्यालय पर शान से लहराएगा राष्ट्रीय ध्वज

## कलेक्टर ने ली तिरंगा अभियान की बैठक, समयावधि पत्रों की समीक्षा में दिए निर्देश, झंडा लगाने से लेकर उतारने तक जन जागरण अभियान




**उज्जैन।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के पहले से ही मध्य प्रदेश तिरंगे के रंग में रंगने जा रहा है। इसके लिए सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान प्रारंभ किया है प्रारंभ किया है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने इस संबंध में अधिकारियों के साथ जरूरी बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर रौशनकुमार सिंह के द्वारा बुधवार को समयावधी पत्रों की समीक्षा बैठक प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर सभागृह में की गई।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने दशहरा मैदान पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों की तैयारी करने, साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था, यातायात व्यवस्था और आवश्यक बेरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस के दौरान मिलने वाले पुरस्कारों के लिए मैदानी स्तर के अफसरों व पंचायत सचिव और पटवारियों व अन्य अधिकारियों के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के अनुसार उनकी सूची तैयार कर समय पर प्रषित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत बुधवार 13 अगस्त को जिले से बनारस और अयोध्या जाने वाली यात्रा के दौरान सभी आवश्यक तैयारिया समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि आगर मालवा के श्रद्धालु भी उज्जैन से ट्रेन में तीर्थ यात्रा के लिए जाऐंगे।

कलेक्टर ने राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने वाले राहवीरों का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही अंतरजातिय विवाह और शासन की अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का भी व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। समग्र ई-केवाईसी अभियान की समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत घट्टिया और नगर पालिका नागदा के सीएमओं को कार्य में लापरवाही बरतने पर एससीएन जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद पंचायत खाचरौद में अच्छा कार्य होने पर कलेक्टर ने प्रशंसा की गई।

कलेक्टर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि योजना अंतर्गत 165 आवेदन गत 7 कार्य दिवसों में स्वीकृत किए जा चुके हैं। लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत जल जीवन मिशन में हस्तांतरण की गई योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए जाने वाले सभी घरों पर योजना का लोगो लगाए जाने तथा आवास में सभी मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले के सभी बच्चों का अपार पंजीयन हो चुका है और नामांकन का कार्य भी पूर्णता पर है। बैठक में अपने पदीय दायित्वों में लापरवाही बरतने पर डीईओ आनंद शर्मा, डीपीसी अशोक त्रिपाठी, स्वास्थ्य विभाग के जिला अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभागों के अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित प्रकरणों का शीघ्र अतिशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि मत्स्य पालन के अंतर्गत सभी जनपदों में मछुआ प्रशिक्षण का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है। पशुपालन विभाग के अंतर्गत सेक्स सॉर्टेड सिमन की लक्ष्यानुसार प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत पीएम मातृ वंदना योजना, नवीन आंगनवाडी भवनों के निर्माण की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में लखपति दीदी योजना, एक बगिया मां ने नाम योजना अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आगामी रोजगार मेले के आयोजन के संबंध में तथा साईट पर पंजीयन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

### हर घर तिरंगा अभियान, 15 अगस्त तक कार्यक्रम तय

उज्जैन कलेक्टर रौशन सिंह ने तिरंगा अभियान के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक जन जागरण अभियान चलाए जाने, स्वच्छ एवं सुजल ग्राम की अवधारणा पूर्ण करने, अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण करने, संपूर्ण जिले में स्वच्छता अभियान चलाने, सभी शासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से ध्वजारोहण करने के साथ फ्लेग कोड के अनुसार शाम को ध्वज को ससम्मान उतारने के निर्देश दिए। हर घर तिरंगा अभियान के पोर्टल पर सभी विभागों को अपनी गतिविधियां अपलोड करने के निर्देश भी दिए। हर घर तिरंगा अभियान का प्रथम चरण 02 से 08 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा। इसके पश्चात अभियान के दूसरे चरण में 09 से 12 अगस्त के मध्य रैली, साइकिल रैली, जन जागरुकता रेली का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात अभियान के तीसरे चरण में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराया जाएगा।

### किसान कल्याण के लिए निर्देश

किसान कल्याण और कृषि विभाग के अंतर्गत नेशनल फूड सिक्योरिटी एण्ड न्युट्रीशल मिशन योजना के अंतर्गत दलहन उत्पादन में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 97 .770 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त की गई है। कलेक्टर ने बीज वितरण ,बीज उत्पादन, अनुदान, प्रदर्शन और पौध संरक्षण, रसायन की स्थिति की समीक्षा की। जिले में उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है। यूरिया 2823 में .टन , डीएपी 216 मे .टन और एनपीके काम्प्लेक्स 1222 मे . टन उपलब्ध है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पहले से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे जिससे कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। नगरीय निकायों के सीएमओं और सभी जनपद के सीईओ समितियों का सतत निरीक्षण कर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक सभी समितियों पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जयती सिंह, एडीएम प्रथम कौशिक एवं अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले पूर्व सिविल सर्जन और 2 कर्मचारियों पर लोकायुक्त में प्रकरण

**उज्जैन।** जिला अस्पताल चरक भवन में में नियम विरुद्ध वस्तुएं एवं सेवा लिए जाने के मामले में सेवा निवृत्त सिविल सर्जन डॉ. प्रयागनारायण वर्मा, सेवानिवृत्त लेखापाल राजकुमार सोनी एवं तत्कालीन प्रभारी लिपिक राहुल पंड्या पर लोकायुक्त उज्जैन ने षडयंत्र के साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया है। डीएसपी राजेश पाठक प्रकरण की विवेचना में आर्थिक क्षति की गणना स्पष्ट होगी। प्रारंभिक स्तर पर करीब आधा दर्जन फर्म को लाभ पहुंचाने का मामला सामने आ रहा है।

लोकायुक्त एसपी आनंद यादव को धर्मेन्द्र शर्मा (पत्रकार) निवासी ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन ने मामले में शिकायत करते हुए बताया था कि शासकीय जिला अस्पताल और चरक भवन अस्पताल के सफल संचालन के लिए समय-समय पर वस्तुओं एवं सेवाओं का नियम विरुद्ध तरीके से क्रय करते हुए शासन को आर्थिक हानि पहुंचाई गई है। शिकायत की जांच उज्जैन इकाई में पदस्थ डीएसपी राजेश पाठक द्वारा की गई। प्रकरण की जांच में पाया गया कि जिन फर्मों को दो वर्ष के लिए निविदा का कार्यादेश दिया गया था उनकी समयावधि समाप्त होने के पश्चात लगभग दो से तीन वर्ष तक बिना नई निविदा के कार्य करवाया गया। पुरानी फर्मो डेहली रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कंडिशनिंग इंजीनियरिंग, इन्दौर एवं रिडेन एसपीसी ऑक्सीजन गैस सप्लायर को जिला उज्जैन से ही कार्य करवाया जाकर उक्त फर्मो को अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाया गया। बिना प्रतिस्पर्धा की निविदा मूल्य से कार्य करवाये जाने के कारण शासन को आर्थिक क्षति हुई है। विभिन्न फर्मों को क्रय, कार्य के भुगतान के समय जी.एस.टी राशि का भुगतान भी किया गया था, जिसे संबंधित फर्मों द्वारा शासन पक्ष में जमा नहीं करवाया गया। इसके बावजूद बिना क्लेरिफिकेशन सर्टिफिकेट के नियम विरुद्ध रूप से पश्चातवर्ती भुगतान भी किया गया। तत्कालीन सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय उज्जैन, कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक उज्जैन (वर्तमान में सेवानिवृत्त) प्रदत्त वित्तीय शक्तियों के विपरीत, फर्मों को अत्याधिक राशि का भुगतान, बिना सक्षम अधिकारी के अनुमोदन प्राप्त किया गया है। प्रकरण में किये गये अनियमित भुगतान की कुल राशि का निर्धारण विवेचना के दौरान भुगतान का ऑडिट करवाकर किया जावेगा। लोकसेवकों द्वारा पदीय कदाचरण करते हुऐं विभिन्न फर्मों के संचालको से मिलकर, आपराधिक षडयंत्रपूर्वक प्रदत वित्तीय शक्तियों के विपरीत जाकर शासकीय राशि का नियम विरुद्ध भुगतान किया गया। शासन को हानि पहुंचाई। इसे लेकर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक में पदस्थ तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ. प्रयागनारायण वर्मा (हाल सेवानिवृत्त), तत्कालीन लेखापाल राजकुमार सोनी (हाल-सेवानिवृत्त) एवं तत्कालीन प्रभारी लिपिक राहुल पण्ड्या (मूल पद ड्रेसर) प्रभारी लिपिक के विरुद्ध धारा 7-सी 13 (1) ए, 13 (2) भ्र.नि.अधि 1988 (संशोधन 2018) एवं भा.द.वि. की धारा 120 बी के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## गणेश स्थापना की हो रही है उत्साहपूर्वक तैयारी




**उज्जैन।** लोकमान्य तिलक गणेश उत्सव महाआयोजन समिति के तत्वावधान में शहर में मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा निर्माण की अनोखी परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु निरंतर कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में मंगलनाथ मार्ग स्थित नीलकंठ महादेव धाम पर कार्यशाला का आयोजन किया। जहां 70 वर्षीय कोमल बहन ने अपने कोमल हाथों से मिट्टी को आकार देते हुए गणेश प्रतिमा का निर्माण किया और सभी को प्रेरणा दी। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिक न केवल शास्त्रोक्त व वेदोक्त परंपराओं का पालन कर रहे हैं। बल्कि पर्यावरण-संवर्धन का भी संकल्प ले रहे हैं कि इस वर्ष अपने हाथों से बनी मिट्टी की प्रतिमा से ही श्री गणेश की स्थापना करेंगे।

इस अभियान का नेतृत्व उज्जैन उत्तर के विधायक एवं कार्यक्रम संयोजक अनिल जैन कालूहेड़ा कर रहे हैं। ओरी हनुमान भक्त मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं एवं मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सह-संयोजक जगदीश पांचाल ने बताया कि इस अवसर पर संस्था की प्रशिक्षिका भारती वर्मा ने सभी बहनों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया।

इस अवसर पर अजय शंकर मेहता, विजय शंकर मेहता, नंदलाल यादव सहित नागरिक उपस्थित थे। साथ ही विजय शर्मा, अनामिका मेहता, आदित्य नागर, भूपेंद्र त्रिवेदी, नरेंद्र नागर, सुरेश चंद्र मेहता, अमित नागर, ममता नागर एवं व्यास की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

## मनोरंजक स्पर्धाओं में विजेता पुरस्कृत

**उज्जैन। वृक्ष हमारे सम्पूर्ण जीवन के सच्चे मित्र हैं, यह संदेश देते हुए रोटरी क्लब आफ उज्जैन ग्रेटर ने वृक्षारोपण किया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन डॉ अजय खरे व सचिव रोटेरियन आशीष दोषी ने बताया कि बड़नगर रोड़ पर स्थित ग्राम चीखली में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।**

इस कार्यक्रम में सदस्यों के लिए कई मनोरंजक प्रतियोगिताएं सुनीता पंड्या, डाक्टर शैली खरे, श्वेता गुप्ता व शैलजा बैराठी के संयोजन में आयोजित हुई, जिनमें रोटरी परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में रोटेरियन राजीव शैलजा बैराठी, डॉ रूपेश नविता खत्री, प्रकाश रजनी हरभजनका, कुलभूषण कामिनी जुनेजा व भावेश आकांक्षा लिग्गा पुरस्कृत किये गये। पुरस्कार वितरण क्लब के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन उमेश महाजन, मिथिलेश बदेका, डॉ प्रदीप व्यास व डॉ जितेन्द्र भटनागर ने किया। कार्यक्रम में अनीषा खंडेलवाल, डॉ शुभा जैन, डॉ अरुणा व्यास, सुमीना लिग्गा, नविता खत्री, डॉ शैली खरे, श्वेता गुप्ता, अंजना तिवारी, कामिनी जुनेजा, सुनीता पंड्या, सरिता जैन, जमना महाजन, शैलजि बैराठी व गरिमा मारोठिया द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अन्तर्गत पौधारोपण किया।

## पुलिस से पूछताछ में युवक बोला मृतक चाचा का था कट्टा

**उज्जैन। नागझिरी थाना पुलिस सोमवार-मंगलवार रात गश्त पर निकली थी। मालनवासा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान खबर मिली कि एक युवक नागझिरी कब्रिस्तान की ओर गया है। जिसके पास अवैध हथियार है।**

थाना प्रभारी कमल निगवाल ने गश्त में शामिल एएसआई रोहित पारस, प्रधान आरक्षक ईश्वरसिंह चौहान और आरक्षक अनिल गोरेडवाल को युवक की धरपकड़ के लिये रवाना किया। कब्रिस्तान के पास मुखबीर द्वारा दी गई सूचना के हुलिये का युवक पीले रंग की टीशर्ट पहने दिखाई दिया। टीम ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया और उसकी तलाशी शुरू की। इस दौरान उसकी लोअर के पीछे कमर में छुपाकर रखा देशी कट्टा बरामद हो गया। जिसमें जिंदा कारतूस लगा हुआ था। थाने लाने पर उसका नाम धीरज पिता सत्यनारायण प्रजापत 30 साल निवासी गणेश मंदिर के पास, शांतिनगर, थाना नीलगंगा का होना सामने आया। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की गई। जिसमें उसका कहना था कि कट्टा उसके चाचा का था। चाचा का निधन हो चुका है। पुलिस ने परिजनों से जानकारी जुटाई तो कट्टे के वैध दस्तावेज होना सामने नहीं आये। वहीं पता चला कि चाचा भी अपराधिक प्रवृति का था और अवैध हथियार रखता था। पुलिस ने कट्टे के साथ पकड़ायेयुवक को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### ड्रायवर ने 7 साल तक किया शोषण

उज्जैन। आगररोड आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के पास 40 वर्षीय महिला पति से अलग किराये के मकान में 2 बच्चों के साथ रहती थी। सात साल पहले ड्रायवरी करने वाले कामरान निवासी उन्हेल से उसकी पहचान हो गई थी। कामरान ने शादी का झांसा दिया और नजदीकी बढ़ा ली। उसका कहना था कि पति से तलाक होने के बाद शादी करेगा। सात सालों तक वह महिला का शारीरिक शोषण करता रहा। महिला ने शादी का दबाव बनाया तो इंकार कर दिया। अपने साथ हुए शोषण की शिकायत महिला ने चिमनगंज थाने पहुंचकर दर्ज कराई। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि मामले में महिला की शिकायत पर युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। एक टीम उसकी तलाश में लगी है।

**लड्डुओं का भोग** | पहली राखी भगवान महाकाल को बंधेंगी, इसके बाद शहर में मनेगा रक्षा बंधन पर्व

# रक्षाबंधन पर श्री महाकालेश्वर को भस्मारती में लगेगा सवा लाख लड्डुओं का भोग

नवभारत न्यूज



**उज्जैन।** राखी पर 9 अगस्त को भस्मारती में भगवान महाकाल को सवा लाख लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। परंपरा अनुसार सबसे पहली राखी भी महाकाल को ही बांधी जाएगी। इसके बाद शहर में रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा।

मंदिर में इस वर्ष मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व की तैयारियां शुरू हो गई है। भस्मारती के पुजारी परिवार की ओर से लड्डुओं का यह भोग भक्तों के सहयोग से लगाया जाता है। बाबा महाकाल को पहली राखी भी पुजारी परिवार की महिलाएं ही मंदिर पहुंचकर बांधती है।

मंदिर परिसर में भट्टी पूजन के साथ ही लड्डू बनाने का काम शुरू हो गया है। यह लड्डू शुद्ध देसी घी, बेसन, शक्कर और ड्रायफ्रूट्स से तैयार किए जाते हैं। भगवान महाकाल को भोग लगाने के बाद दिनभर यह लड्डू प्रसाद के रूप में मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं में वितरित किए जाएंगे।

रक्षाबंधन पर्व के मौके पर महाकाल मंदिर का गर्भगृह, नंदी हॉल फूलों से सजाया जाएगा। भस्मारती से रात शयन आरती तक आम दर्शन होंगे। परिसर के अन्य मंदिरों में भी भगवान को राखी बांधी जाएगी।

### रामानुजकोट में झूला उत्सव, दर्शन देने गर्भगृह से बाहर आए भगवान



उज्जैन। रामघाट मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध रामानुजकोट आश्रम में श्रावण मास के अवसर पर पारंपरिक झूला उत्सव पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज, युवराज स्वामी माधव प्रपन्नाचार्य महारज के सानिध्य में शुरू हुआ। इस अवसर पर भगवान खुद गर्भगृह से निकलकर बाहर भक्तों को दर्शन देने झूले में पधारते हैं। वर्ष में एक बार यह मौका आता है। आश्रम के प्रबंधक पं. आत्माराम शर्मा ने बताया कि पांच दिनी झूला उत्सव की शुरुआत हो चुकी है। प्रतिदिन शाम 7 .30 से रात 10 .30 बजे तक भगवान फूलों से सजे झूले में विराजित होकर दर्शन दे रहे हैं। इस दौरान आश्रम के संत, महंत, बटुक विद्यार्थी भगवान की नित्य सेवा-पूजा व आराधना कर उत्सव मना रहे हैं। इस दौरान भजन संध्या भी की जा रही है। झूला उत्सव का समापन 9 अगस्त को श्रावण शुक्ल की पूर्णिमा रक्षाबंधन पर्व पर किया जाएगा।